ont>

Title : Need to ensure proper repair and maintenance of tanks for water harvesting in Hingoli Parliamentary constituency, Maharashtra. − Laid.

श्री शिवाजी माने (हिंगोली) : महोदय, हमारे पूर्वज पानी की समस्या का समाधान करने के लिए हर एक गांव के पास तालाब एवं टैंक की व्यवस्था रखते थे एवं उस समय बरसात भी 50 इंच के करीब होती थी, परन्तु समय समय के साथ उन टैंकों की सफाई न होने से तथा उनकी यथोचित मरम्मत न होने से यह सारे टैंक खराब हो गये हैं एवं तालाबों की भी यही हालत है। मेरे संसदीय क्षेत्र हिंगोली के नादेड, हिंगोली एवं परभनी जिलों में तालाबों एवं टैंकों की स्थिति बहुत ही खराब हो गयी है, जिनके कारण मवेशियों को पीने का पानी नहीं मिल रहा। महिलाओं को कपड़े धोने में काफी दिक्कत हो रही है और भू जलस्तर काफी नीचे चला गया है। अगर टैंकों एवं तालाब के माध्यम से पानी का हारवेस्टिंग किया जायेगा तो हम जल संरक्षण एवं पर्यावरण तथा लोगों एवं मवेशियों को पानी दिलवाने के कार्य को अच्छे ढंग से कर पायेंगे एवं भूतल पानी लोगों को सुगमता से मिल सकेगा। आज हम अधिक गहराई से पानी लेते हैं तो फ्लोराइड वाले तत्व वाले पानी की हमें प्राप्ति होती है।

अतः सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के हिंगोली, नादेड एवं परभनी के प्रत्येक गांव में तालाब की व्यवस्था की जाये एवं जो टैंक हैं उनकी मरम्मत एवं उनको साफ करके उनको उपयोग में लाया जाये।